बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

सं0 सं0 : 03/02/रा0 यो0– रोवर (क्रय)– 103/2023 12494

सेवा में,

महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी),
वीरचन्द पटेल पथ,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक : 15.6.24

विषय : बिहार राज्य में ऑनलाईन सेवाएँ अन्तर्गत ''ई–मापी'' के कार्यान्वयन हेतु ई0टी0एस0 मशीन के क्रय हेतु **42,66,00,000.00 (ब्यालीस करोड़ छियासठ लाख)** रूपये मात्र की स्वीकृत योजना अन्तर्गत ई0टी0एस0 मशीन के बदले जीएनएसएस रोवर क्रय (प्रति रोवर अनुमानित मूल्य @ 4.00 लाख की दर से) करने की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

आदेश : **स्वीकृत।**

2. बिहार राज्य में ऑनलाईन सेवाएँ अन्तर्गत ई–मापी के कार्यान्वयन हेतु निधि के उपलब्धता के अनुसार कुल 1068 जीएनएसएस रोवर (GNSS Rover) मशीन का क्रय GeM के माध्यम से भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के स्तर से किया जायेगा।

3. जीएनएसएस रोवर (GNSS Rover) मशीन का क्रय निदेशालय स्तर से करते हुए अंचलों की संख्या के अनुसार, प्रति अंचल 02 अद्द (अधिकतम) की दर से जिलों को आवंटित/उपलब्ध कराया जायेगा।

4. जिलों द्वारा ऑनलाईन सेवाएँ अन्तर्गत ''ई–मापी'' के कार्यान्वयन हेतु अधीनस्थ अंचल कार्यालयों को उपलब्धता के अनुसार 02–02 जीएनएसएस रोवर (GNSS Rover) मशीन अंचलों को उपलब्ध कराया जायेगा।

5. राज्य योजना मद से जीएनएसएस रोवर (GNSS Rover) मशीन का क्रय पर 4266.00 लाख रूपये के व्यय की स्वीकृति प्राप्त है।

6. राशि का व्यय बजट शीर्ष–2019–भू–राजस्व – उप मुख्य शीर्ष –00– लघु शीर्ष – 102 – सर्वेक्षण तथा बंदोबस्त कार्य– उप शीर्ष –0101– सर्वेक्षण और बंदोबस्त कार्य का पुनरीक्षण, मॉग संख्या–40, विपत्र कोड–40 –2029001020101, राज्य योजना स्कीम कोड– REV–5536 के अंतर्गत विषय शीर्ष मशीन एवं उपस्कर इकाई कोड–52 01 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में उपबंधित राशि से की जायेगी।

7. योजनान्तर्गत कार्य हेतु उपबंधित एवं स्वीकृत राशि की निकासी के लिए महालेखाकार से प्राधिकार पत्र प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी।

8. सभी निकासी सिंचाई भवन कोषागार से की जायेगी। विधिवत् रूप से स्वीकृत एवं अनुमान्य दर पर राशि की निकासी एवं व्यय के लिए निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना होंगे।

9. प्रस्ताव में योजना एवं विकास विभाग के ज्ञापांक 167 लो0वि0 / यो0वि0, पटना दिनांक 07.06.2024 द्वारा लोक वित्त समिति की स्वीकृति प्राप्त है।

10. इस योजना के लिए कर्णांकित राशि के व्यय की स्वीकृति के प्रस्ताव पर निदेशालय की संचिका संख्या 03 / 02 / रा0 यो0– रोवर (क्रय)– 103 / 2023 की टिप्पणी पृष्ठ संख्या– 33 / टि0 में दिनांक 14.06.2024 को आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में मद संख्या– 16 पर स्वीकृति प्रदान की गई है।

11. भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना की संचिका संख्या 03 / 02 / रा0 यो0– रोवर (क्रय)– 103 / 2023 के टिप्पणी पृष्ठ 34 / टि0 दिनांक 15.06.2024 पर विभागीय आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त कर स्वीकृत्यादेश का संसूचन किया गया है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

15/6/24

(जय सिंह)
सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांक: 03 / 02 / रा0 यो0– रोवर (क्रय)– 103 / 2023 1249.4..... **पटना, दिनांक** 15.6.24

प्रतिलिपिः योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

सचिव 15/6/24
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांक: 03 / 02 / रा0 यो0– रोवर (क्रय)– 103 / 2023 1249.4.... **पटना, दिनांक** 15.6.24

प्रतिलिपिः निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना / बजट शाखा, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव 15/6/24
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

e-Mail

ज्ञापांक: 03/02/रा0 यो0– रोवर (क्रय)– 103/2023 12494 **पटना, दिनांक** : 15.6.24

प्रतिलिपिः सभी समाहर्त्ता, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

e-Mail

ज्ञापांक: 03/02/रा0 यो0– रोवर (क्रय)– 103/2023 12494 **पटना, दिनांक** : 15.6.24

प्रतिलिपिः कोषागार पदाधिकारी, सिंचाई भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

e-Mail

ज्ञापांक: 03/02/रा0 यो0– रोवर (क्रय)– 103/2023 12494 **पटना, दिनांक** : 15.6.24

प्रतिलिपिः आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना/प्रभारी, आई0 टी0 कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय तथा निदेशालय के बेवसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

सचिव

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग